## मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-2

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**मंगलवार, दिनांक 20 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 1, 1928)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### निधन उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री श्यामाचरण शुक्ल, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सुखबंस कौर, भूतपूर्व राज्य सभा सदस्य श्री मोहम्मद अली अंसारी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा श्री नरहरी प्रसाद शर्मा, श्री महेश दत्त मिश्र, श्री रमेशचन्द्र बरगले, श्री रामचन्द्र परतेती, श्री रामप्रसाद अहिरवार तथा सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक व्यक्तित्व संत श्री हिरदाराम के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण श्री हमीद काजी डॉ. सुनीलम्, श्री रामलखन शर्मा, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, श्री मनमोहन शाह बट्टी, वाणिज्यिक कर मंत्री श्री बाबूलाल गौर तथा सदस्य श्री धरमू राय ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये.

सदन द्वारा दो मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिये संवेदना प्रकट की गई.

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वान्ह 10.59 बजे विधानसभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 21 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 2, 1928) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.


**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**